जालंधर, शुक्रवार 31 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

+91 97814 00247

**सुविचार**

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते,
और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# जम्मू में बड़ा हादसा... यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 22 की मौत, 69 लोग घायल




**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के चूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 22 लोगों के मारे जाने की खबर है।

करीब 69 यात्री घायल हो गए। इनमें 57 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया और 12 लोगों का इलाज अखनूर उपजिला अस्पताल में जारी है। बस में 91 यात्री सवार थे। पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) रेफर किया गया।

## बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए शिवखोड़ी जा रहे थे यात्री

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश के हाथरस की यह बस हरियाणा के कुरुक्षेत्र से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम, जम्मू संभाग के रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।

## तीखे मोड़ पर सामने से आ रही बस से बिगड़ गया संतुलन

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के चूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी।

इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस के चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह दुर्घटना हो गई। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

अस्पताल में इलाज करा रहे घायलों में से एक अमर चंद ने बताया, एक कार विपरीत दिशा से आ रही थी। बस चालक ने तीखा मोड़ को पार करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप वाहन खाई में जा गिरा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात) फैसल कुरैशी, परिवहन आयुक्त और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और अभियान की निगरानी की। संभागीय आयुक्त रमेश कुमार, एसएसपी-जम्मू और जम्मू के डिप्टी कमिश्नर ने घायलों के बारे में जानकारी लेने के लिए जीएमसी अस्पताल का दौरा किया।

## रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाए घायल

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

## 57 घायल जीएमसी जम्मू रेफर

अस्पताल में हादसे की खबर के साथ ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों के पहुंचने के साथ ही यहां उपचार शुरू कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी जम्मू रेफर किया गया। जीएमसी जम्मू में डॉक्टरों की अलर्ट टीम ने मोर्चा संभालते हुए पहुंचे हुए घायलों का तुरंत इलाज शुरू कर दिया।

## बस में 91 यात्री थे सवार

बस में लगभग 91 यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम अखनूर लेख राज, एसडीपीओ अखनूर मोहन शर्मा, थानाप्रभारी अखनूर तारिक अहमद मोके पर बचाव कार्य मे जुटे। इसके बाद एसएसपी जम्मू व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

## जीएमसी में घायलों का हाल जानने पहुंचे जम्मू जिला उपायुक्त

सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) जम्मू में घायलों का हाल जानने के जिला उपायुक्त सचिन कुमार वैश्य पहुंचे।

उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायलों का इलाज चल रहा है। वह यहां स्थिति की समीक्षा करने आए हैं। जिला प्रशासन घायलों को हर संभव मदद पहुंचने के लिए जुटा है।

## मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख की सहायता राशि की घोषणा

उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू के अखनूर में हुई बस दुर्घटना हृदय विदारक है। उन्होंने इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे शोकाकुल परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परजिनों को पांच लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। साथ ही घायलों के इलाज के लिए पचास हजार रुपये देने की घोषणा की गई।

## जम्मू संभाग में दूसरा सबसे बड़ा हादसा

- 15 नवंबर 2023 को डोडा में हुए हादसे के यह जम्मू संभाग की दूसरी सबसे बड़ी दुर्घटना है। डोडा के अस्सर इलाके में यात्रियों से भरी एक बस सड़क से फिसल कर 300 फुट गहरी खाई में गिर गई थी। इसमें 39 लोगों की मौत हो गई थी और 19 घायल हो गए थे।
- इसी साल 29 मार्च को रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) के फिसल कर खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई थी।
- 1 जुलाई 2019 को किश्तवाड़ के सांगवारी इलाके में एक ओवरलोड मिनी बस के सड़क से फिसल कर खाई में गिर जाने से 35 लोगों की मौत हो गई थी और 17 घायल हो गए थे।
- 14 सितंबर 2018 को किश्तवाड़ के दंदारन इलाके में एक मिनी बस सड़क से फिसल कर खाई में गिर गई थी, जिसमें 17 यात्रियों की मौत हो गई थी और 16 घायल हो गए थे।


## जम्मू जिला प्रशासन ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

बस दुर्घटना के बारे में सहायता और पूछताछ के लिए इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है-

**डीएम कार्यालय** 9622699666, 9419160547
**एसपी कार्यालय** 9419172197, 9419194102, 9596869639
**मेडिकल** 9419190500, 9419190493

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जताया दुख





जम्मू के अखनूर में हुए सड़क हादसे को लेकर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुख प्रकट किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू के निकट अखनूर में हुई बस दुर्घटना में लोगों की मौत की खबर सुनकर उन्हें बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं है। वह घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हैं।

# सातवें चरण के लिए थमा चुनाव प्रचार, पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर होना है मतदान

**जालंधर ( हिमांशु ) :** पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार बृहस्पतिवार को थम गया। वहीं, पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की सभी चार सीट और छह विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए भी प्रचार खत्म हो गया।



पंजाब में इस चुनाव में चार बार की सांसद परनीत कौर, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की हरसिमरत कौर बादल की राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। एक जून को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में रवनीत सिंह बिट्टू और जेल में बंद कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह शामिल हैं। चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र में भी शाम छह बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के संजय टंडन और कांग्रेस के मनीष तिवारी के बीच है। अधिकारियों ने कहा कि एक जून को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा।

पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और इंडिया गठबंधन में उसके सहयोगी दल कांग्रेस के अलावा भाजपा,

बाकी शेष पृष्ठ 2 पर

S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# पंजाब में बेकाबू BMW कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 1 की मौत, 2 गंभीर

**मोहाली :** पंजाब के मोहाली जिले (Mohali) में तेज गति BMW कार ने मोटरसाइकिल सवार 3 युवकों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई हैं। वहीं दो चोटिल हैं, जिन्हें चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

सूचना के पश्चात् मौके पर पहुंची पुलिस घटना की तहकीकात में जुटी है। प्राप्त खबर के मुताबिक, यह घटना जीरकपुर पटियाला हाइवे पर देर रात हुई। यहां बनूड़ की ओर से आ रही तेज गति BMW कार ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। इसकी वजह से मोटरसाइकिल आगे सड़क के किनारे खड़े ट्रक ईवा, BMW के बीच में फंस गई।

लोगों का कहना है कि कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि दुर्घटना के पश्चात् BMW कार के सभी एयर बैग खुल गए। वही इस घटना में साहिब पुत्र जाकिर, सुमित पुत्र मलकीत सिंह एवं राजवीर सिंह पुत्र जसबीर सिंह निवासी गांव पभात गंभीर रूप से चोटिल हो गए। राहगीरों ने देखा तो तुरंत मौके पर पहुंचे तथा चोटिल व्यक्तियों को उपचार के लिए स्थानीय जेपी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने साहिब की हालत गंभीर होने पर उन्हें चंडीगढ़ सेक्टर 32 हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

तत्पश्चात, परिजन चंडीगढ़ ले गए, जहां साहिब ने दम तोड़ दिया। घटना के पश्चात् मृतक के परिजनों ने रात को पटियाला हाइवे जाम कर दिया। वहीं राजवीर एवं सुमित का जेपी हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। इस घटना के बारे में जानकारी प्राप्त होने के पश्चात् पुलिस मौके पर पहुंची तथा जायजा लिया। पुलिस द्वारा मामले की तहकीकात की जा रही है।



# पंजाब में भाजपा आई तो 48 घंटे में ड्रग माफिया का होगा सफाया : योगी

## मोहाली में गरजे उत्तर प्रदेश के सीएम, कहा - अगर बुलडोजर की जरूरत पड़ी तो यूपी से भेज देंगे आप और कांग्रेस एक दूसरे को देते है गाली, मंच पर लग जाते हैं गले



**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जीती तो 48 घंटे में पंजाब से ड्रग माफिया का सफाया हो जाएगा। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात बड़माजरा में आयोजित रैली के दौरान कही। उन्होंने मंच पर चढ़ते ही विरोधियों पर निशाना साधा।

लोकसभा चुनाव के दौरान वह श्री आनंदपुर साहिब सीट से भाजपा प्रत्याशी सुभाष शर्मा के लिए रैली करने बड़माजरा पहुंचे थे। उन्होंने विरोधियों पर पंजाब में बढ़ रहे आतंकवाद और भू माफिया को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आती है और पंजाब में भाजपा की सीटें आएंगी तो निश्चित तौर पर यहां ड्रग माफिया 48 घंटे में खत्म कर दिया जाएगा और सारी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी।

योगी ने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस वैसे तो एक दूसरे और गाली देते हैं, लेकिन मंच पर एक दूसरे के गले लगते हैं। सीएम योगी ने कहा कि पंजाब ने देश को बहुत कुछ दिया। देश की ढाल पंजाब है, लेकिन 70 वर्ष से लोगों ने पंजाब की कमान जिन हाथों में सौंपी उन्होंने देश की ओर ध्यान नहीं दिया।

### जैसे यूपी में किया, वैसे ही पंजाब में भी करेंगे

योगी ने कहा कि पंजाब में अपराधियों को किसी का डर नहीं है। आंतकवाद, भू माफिया और नशा माफिया इतने पैर पसार चुका है कि उन्हें किसी का डर ही नहीं है। गैंगस्टर जब चाहे किसी को गोली मार देते हैं और फिरौती के लिए कॉल करते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, जैसे यूपी में किया, वैसे ही पंजाब में भी करेंगे। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया हावी था, जब वे मुख्यमंत्री बने तो पीएम मोदी ने पूछा कि इसे कैसे ठीक किया जाए। सात साल में स्थिति बदल गई है। अब वहां पर दंगे नहीं होते और माफिया भी खत्म हो गया है।

### राम मंदिर के बाद काशी और मथुरा

श्री कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा, जिसके आधे हिस्से में मस्जिद है उसे लेकर सीएम योगी ने मोहाली की रैली में बड़ा एलान करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आने पर राम मंदिर के बाद काशी और मथुरा की बारी है। योगी के एलान के बाद रैली में मौजूद सभी लोग गदगद हो उठे।

### इतनी झूठी पार्टी नहीं देखी

रैली में योगी आप पर जमकर बरसे उन्होंने कहा कि अपने जीवन में उन्होंने बहुत दुनिया देखी, लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसी झूठ बोलने वाली पार्टी कभी नहीं देखी। यह पहली पार्टी है, जिस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। इसके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है। इसके एक दर्जन से ज्यादा नेता जेल में हैं या जमानत पर बाहर हैं।

### यूपी से भिजवा देंगे बुलडोजर

यूपी में कई अपराधियों पर लगाम लगाते हुए योगी सरकार ने उनकी संपत्ति अटैच करके उस पर बुलडोजर चलवाया है। मोहाली में सीएम योगी की रैली में मुख्य गेट पर चार बुलडोजर खड़े कर रखे थे। जिसके बाद मंच से सीएम योगी ने बीजेपी के प्रत्याशी सुभाष शर्मा का नाम लेते हुए कहा कि पंजाब में बुलडोजर की जरूरत पड़ी तो वो यूपी से भिजवा देंगे।

पृष्ठ 1 का शेष

# सातवें चरण के लिए थमा चुनाव प्रचार, पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट...

शिअद भी अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं, जिससे मुकाबला बहुकोणीय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्रियों अमित शाह, राजनाथ सिंह और निर्मला सीतारमण, भाजपा प्रमुख जे. पी. नड्डा और पार्टी के शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत वरिष्ठ नेताओं ने प्रचार किया। कांग्रेस की ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया।

### पंजाब में 328 उम्मीदवार

आबकारी नीति मामले में अंतरिम जमानत पर बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ मिलकर पार्टी के उम्मीदवारों के लिए आक्रामक प्रचार अभियान चलाया। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने पूरे राज्य में अपनी पार्टी के अभियान का नेतृत्व किया।

पंजाब में 26 महिलाओं समेत 328 उम्मीदवार हैं, जबकि चंडीगढ़ में दो महिलाओं समेत 19 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। पंजाब में 1,01,74,240 महिलाओं और 773 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों समेत कुल 2,14,61,739 मतदाता हैं। चंडीगढ़ में कुल 6,59,805 मतदाता हैं, जिनमें 3,18,226 महिलाएं और 35 ट्रांसजेंडर हैं। चंडीगढ़ सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है। हालांकि, इस बार मौजूदा सांसद किरण खेर को भाजपा ने प्रत्याशी नहीं बनाया। पंजाब में 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 13 में से आठ सीट जीती थीं। उस समय सहयोगी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अकाली दल और भाजपा ने दो-दो सीटे जीती थीं। आम आदमी पार्टी को सिर्फ संगरूर सीट पर जीत मिली थी।

### मंडी में दिलचस्प चुनाव

वहीं, हिमाचल प्रदेश में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशियों जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए जोरदार प्रचार किया।

मंडी लोकसभा सीट पर काफी कुछ दांव पर लगा है, जहां पूर्ववर्ती रामपुर रियासत के राजा और छह बार के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे व कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह भाजपा उम्मीदवार अभिनेत्री कंगना रनौत आमने-सामने हैं।

इसके अलावा हमीरपुर लोकसभा सीट से चार बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पांचवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि इसके तहत आने वाले वाले छह में से चार विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हो रहे हैं। हमीरपुर, मंडी, कांगड़ा और शिमला की चार लोकसभा सीटों के अलावा सुजानपुर, धर्मशाला, लाहौल-स्पीति, बड़सर, गगरेट और कुटलैहड़ समेत छह विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हो रहे हैं।

27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य करार घोषित किए जाने के बाद ये सीट खाली हुई थीं।

प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह ने राज्य में चारों लोकसभा क्षेत्रों में दो-दो रैलियां कीं। भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने अपने गृह राज्य में जोरदार प्रचार किया जबकि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य में तीन जनसभाओं को संबोधित किया। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के लिए, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शिमला पीसी के रोहू (सेब उत्पादक क्षेत्र) में एक रैली की। राहुल गांधी ने एक दिन में दो रैलियों को संबोधित किया, जबकि प्रियंका गांधी वादा ने चार दिनों में कई रैलियों को संबोधित किया।

# अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के रोड शो में झंडा लगा रहा वर्कर करंट लगने से झुलसा, हालत गंभीर

**जालंधर ( हिमांशु ) :** लुधियाना में चुनाव के अंतिम दौर में गुरुवार को पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के रोड शो में उस समय भगदड़ मच गई जब एक वर्कर को झंडा लगाते हुए जोरदार करंट लगा और वह झुलस कर नीचे गिर गया। इस दौरान इलाके के लोगों के घरों का सामान भी जल गया। झुलसे वर्कर को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



गुरुवार को पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग रोड शो के दौरान सुभाष नगर इलाके में पहुंचे थे। इस दौरान पूर्व पार्षद मोनू खिंडा का साथी कार्यकर्ता इलाके में दुकान के ऊपर कांग्रेस का झंडा लगा रहा था। इसी दौरान तारों में करंट आ गया और कार्यकर्ता करंट लगने से बुरी तरह से झुलस गया। कार्यकर्ता के नीचे गिरते ही राजा वड़िंग गाड़ी से नीचे उतरे और उन्होंने साथियों के साथ मिल कर उसे गाड़ी से निजी अस्पताल पहुंचाया। तारों के संपर्क में आने से इलाके में धमाका हो गया। धमाके के तुरंत बाद आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए। अस्पताल में उपचाराधीन युवक की पहचान योगेश के रुप में बताई जा रही है। योगेश की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.

NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।

Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)

Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

# 'चोर-चोर मौसेरे भाई...', फरीदकोट में आप-कांग्रेस पर जेपी नड्डा ने कसा तंज

**जालंधर ( नितिका ) :** पंजाब की 13 सीटों के लिए सातवें चरण यानी 1 जून को मतदान होना है। चुनावी प्रचार के लिए बृहस्पतिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पंजाब के दौरे पर थे।

उन्होंने अमृतसर और फरीदकोट में जनसभा को संबोधित किया। पंजाब में आज शाम को चुनावी प्रचार थम जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आज होशियारपुर में जनसभा को संबोधित किया।

जेपी नड्डा ने भाजपा प्रत्याशी हंसराज हंस के लिए वोट मांगा। जेपी नड्डा ने जनसभा में कहा कि आज बाबा फरीद की नगरी में आने का सौभाग्य मिला है। पंजाब की धरती गुरु गोविंद सिंह जैसे शुरवीरों की धरती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में पंजाब सबसे आगे खड़ा रहा है।



## कांग्रेसियों और आम आदमी पर बोला हमला

फरीदकोट की रैली में जेपी नड्डा ने कांग्रेस और आप पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेसियों ने लंबे समय तक आपसे छल किया है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी वाले कट्टर बेईमान हैं। इन्हें भारत के नौजवानों का सामर्थ्य पता नहीं। कांग्रेस ने 1972 से वन रैंक वन पेंशन नहीं दिया लेकिन भाजपा सरकार ने सवा लाख करोड़ फौजी भाइयों के खाते में डाल कर यह सपना साकार किया। कांग्रेस और आप दोनों भ्रष्टाचारी हैं। ये दोनों चोर-चोर मौसेरे भाई हैं।

## सब्जी वाला भी डिजिटल पेमेंट लेता है- जेपी नड्डा

फरीदकोट में जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल ट्रांस्केशन भारत कर रहा है। आज सब्जी वाला भी डिजिटल पेमेंट लेता है। विदेश से कोई भी आए उसको कैश की जरूरत नहीं पड़ेगा।

## मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश आगे बढ़ रहा है

जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। भारत से चीन और जापान पिछड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था पांचवे नंबर पर पहुंची है। भारत तीन साल में दुनिया के सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जायेगा।

हंसराज हंस के लिए कही ये बात

फरीदकोट से भाजपा के प्रत्याशी हंसराज हंस के लिए पीएम मोदी ने कहा कि हंसराज हंस मोदी जी के हरमन प्यारे हैं इसलिए उनको सेवा करने के लिए पंजाब भेजा है। जेपी नड्डा ने कहा कि मैं स्वास्थ्य मंत्री था तो हंस मुझे लोगों के लिए चिट्ठी लिखते थे। उन्होंने कहा कि 1 जून को आप हंस की चिंता करिए बाद में आपकी चिंता हम करेंगे।

# आबकारी विभाग ने शराब की तस्करी और अवैध शराब बनाने की गतिविधियों पर कसा शिकंजा




**जालंधर ( काजल विज ) :** आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजऱ लगाए गए आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान शराब की तस्करी और अवैध शराब बनाने सम्बन्धी गतिविधियों पर पूरी तरह से काबू पाकर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को सुनिश्चित बनाने के लिए आबकारी विभाग, पंजाब द्वारा शुरू की गई मुहिम के दौरान आबकारी और कराधान कमिश्नर, पंजाब वरुण रूज़म के योग्य नेतृत्व अधीन सख्त़ कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने उच्च अधिकारियों की टीम के साथ सहायक कमिश्नर (आबकारी) पटियाला के दफ्तर, पटियाला की एक बीयर निर्माण यूनिट और मोहाली के एक शराब थोक डिस्ट्रीब्यूटर की औचक चैकिंग की। उन्होंने चंडीगढ़-अम्बाला राष्ट्रीय मार्ग पर झरमड़ी बैरियर पर स्थित अंतरराज्यीय नाकों की भी चैकिंग की। सहायक कमिश्नर (आबकारी) पटियाला के दफ्तर में चैकिंग के दौरान उन्होंने अधिकारियों को हिदायत की कि जिले के समूह आबकारी संस्थाओं पर सख्त़ नजऱ रखी जाये और आने वाले दिनों के दौरान शराब की कोई भी अवैध बिक्री न होने दी जाये। शराब निर्माण यूनिट मैसर्ज अमारा बरूअरी प्राईवेट लिमिटेड पटियाला की औचक चैकिंग के दौरान उन्होंने उत्पादन और डिस्पैच के रिकॉर्डों की जांच की। उन्होंने शराब के प्रवाह पर तकनीकी कंट्रोल रखने के लिए सभी शराब निर्माण इकाईयों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों और बूम बैरियरों के कामकाज की भी चैकिंग की। इसी तरह थोक डिस्ट्रीब्यूटर मैसर्ज विशाल ऐंटरप्राईज़, जे.एल.पी.एल. इंडस्ट्रियल एरिया सैक्टर-82, मोहाली में भी सीसीटीवी लगाने और इनके कामकाज की चैकिंग की गई।

चैकिंग के दौरान डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा रखे गए रिकॉर्ड की भी जांच की गई। आबकारी कमिश्नर पंजाब ने कहा कि हाल ही में बोटलिंग प्लांट मैसर्ज बोरिश इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड, गाँव बेहड़ा तहसील डेराबसी ज़िला एस.ए.एस. नगर की औचक चैकिंग की गई, जिस दौरान पाया गया कि इस प्लांट द्वारा पंजाब आबकारी एक्ट, 1914 की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन किया गया है, जिसके उपरांत विभाग द्वारा उक्त बोटलिंग प्लांट का लाइसेंस 15 दिनों के लिए निरस्त कर दिया गया है। आज की चैकिंग के दौरान उन्होंने विभाग के समूह अधिकारियों को हिदायत की कि शराब की ग़ैर-कानूनी तस्करी पर पूरी तरह से नकेल कसते हुए मतदान को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से करवाना सुनिश्चित बनाने के लिए कोई कसर बाकी न छोड़ी जाये। अतिरिक्त मुख्य सचिव-कम-वित्तीय कमिश्नर (कराधान), पंजाब विकास प्रताप और आबकारी एवं कराधान कमिश्नर, पंजाब वरुण रूज़म के दिशा-निर्देशों के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा शराब की तस्करी, ई.एन.ए. की तस्करी और आबकारी से सम्बन्धित अन्य अपराधों के विरुद्ध सख्त़ कार्यवाही की जा रही है। केवल आदर्श चुनाव आचार संहिता के समय के दौरान ही आबकारी विभाग ने लगभग 1229 एफ.आई.आरज़ दर्ज की हैं, और 1064 गिरफ्तारियाँ की हैं, 19557 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है, 37,87,283 लीटर लाहन बरामद करके नष्ट की गई है, पी.एम.एल./आई.एम.एफ.एल./बीयर की 1,11,709 बोतलें ज़ब्त की हैं। इस ज़ब्ती की अनुमानित कीमत 25.71 करोड़ रुपए है। आबकारी विभाग ने शराब की ग़ैर-कानूनी तस्करी में शामिल लाइसेंसधारकों पर भी नकेल कसी गई है।कई मामलों में इन उल्लंघना में शामिल लाइसेंसधारकों के ठेके को बंद किया गया है। आबकारी कमिश्नर ने आगे बताया कि राज्य में शराब के प्रवाह पर पैनी नजऱ रखी जा रही है, और आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजऱ शराब के ग़ैर-कानूनी प्रवाह और बिक्री को रोकने के लिए राज्य भर में 126 नाके/चैकिंग प्वाइंट्स स्थापित किये गए हैं।

# Time Magazine की 100 प्रभावशाली कंपनियों में भारत का दबदबा, रिलायंस, टाटा और सीरम हुई शामिल





**जालंधर( हिमांशु ) :** अमेरिका की टाइम मैगजीन ने 2024 की दुनिया के सबसे प्रभावशाली कंपनियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में भारत की तीन कंपनियों ने भी अपनी जगह बनाई है। टाइम की शीर्ष 100 प्रभावशाली कंपनियों में जगह बनाने वाली इंडियन कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और टाटा ग्रुप शामिल हैं।

टाइम मैगजीन ने अपनी इस लिस्ट को 5 कैटगरी में तैयार किया है, जिसमें लीडर्स, डिसरप्टर्स, इनोवेटर्स, टाइटन्स और पायनियर्स शामिल हैं। रिलायंस और टाटा ग्रुप को टाइटन्स कैटेगरी और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को पायनियर्स कैटेगरी में स्थान मिला है। इन पांचों कैटेगरी में 20 कंपनियां शामिल है।

## इंडियाज जगरनॉट - रिलायंस इंडस्ट्रीज

टाइम मैगजीन ने रिलायंस इंडस्ट्रीज को 'इंडियाज जगरनॉट' का टाइटल दिया है। इस लिस्ट को शेयर करते हुए टाइम मैगजीन ने रिलायंस के बारे में लिखा है कि इसकी शुरुआत कपड़ा और पॉलिएस्टर कंपनी के रूप में हुई, जो आज दुनिया की टॉप कंपनियों में शुमार है। इसके साथ ही यह भारत की सबसे वैल्युएबल कंपनी भी है। मुकेश अंबानी के नेतृत्व में रिलायंस इंडस्ट्रीज आज एनर्जी, रिटेल और टेलीकॉम समेत कई कारोबार करती है। इससे पहले साल 2021 में रिलायंस समूह की जियो प्लेटफॉर्म्स ने इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई थी। यह भारत की प्रमुख डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर और टेक कंपनी है। टाइम मैगजीन ने अपनी रिपोर्ट में रिलायंस और डिज्नी के बीच हुए 8.5 अरब डॉलर के डील का भी जिक्र किया है। उसका कहना है कि इस डील से रिलायंस की स्ट्रीमिंग सेक्टर में मजबूत पकड़ हो जाएगी।

## टाटा और सीरम इंस्टीट्यूट भी लिस्ट में शामिल

टाइम की इस लिस्ट में टाटा ग्रुप भी शामिल है। यह भारत की सबसे पुरानी कंपनियों में से एक है। टाटा ग्रुप के पोर्टफोलियो की बात करें तो इसमें स्टील, सॉफ्टवेयर, घड़ियां, केबल, नमक, अनाज, रिटेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर, मोटर व्हीकल, फैशन और होटल तक फैला हुआ है। इसके साथ ही टाटा ग्रुप की टेक कंपनी ने एआई और सेमीकंडक्टर सेक्टर में भी निवेश किया है। इसके साथ ही यह आईफोन असेंबल करने वाली पहली भारतीय कंपनी भी बन गई है। टाइम मैगजीन ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को भी अपनी लिस्ट में शामिल है। यह दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी है। सीरम हर साल 3.5 अरब खुराक बनाती है। कोविड के दौरान कंपनी ने करोड़ों लोगों के लिए वैक्सीन की खुराक बनाई थी।

# 'जब 84 के दंगों में सिखों के गले में टायर बांधकर जलाया जा रहा था..', पंजाब में कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम मोदी

**जालंधर( हिमांशु ) :** वंदे भारत (हर्ष शर्मा) आज गुरु अर्जुन देव के शहादत दिवस (30 मई 1606) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब पहुंचे हैं। यहाँ वे लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार हेतु होशियारपुर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि, पंजाब हमारे भारत की पहचान है, ये हमारे गुरुओं की पवित्र भूमि है।

उन्होंने कहा कि, आज देश में आकांक्षाएं नई हैं, आज देश में उम्मीदें नई हैं, आज देश में आत्मविश्वास नया है। दशकों बाद ऐसा समय आया है, पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार ?हैट्रिक लगाने जा रही है। इसकी सबसे बड़ी वज?ह है 'विकसित भारत' का सपना। आज हर भारतीय 'विकसित भारत' के सपने के साथ ए?करूप हो गया है और इसलिए हर देशवासी हमें आशीर्वाद दे रहा है। उन्होंने कहा कि, आज जब पंजाब के लोग, दूसरे राज्यों के लोग विदेश जाते हैं, तो खुद देखते हैं कि वहां भारत और भारतीयों की इज्जत कितनी बढ़ गई है। जब देश में दमदार सरकार होती है, तो विदेशी सरकारें भी हमारा दम देखती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि, आज भारत में दमदार सरकार है। जो दुश्मन के छक्के छुड़ा दे। जो दुश्मन को घर में घुसकर मारे। जो भारत को आत्मनिर्भर बनाए। जो भारत को समृद्ध बनाए।

पीएम मोदी ने संत रविदास का स्मरण करते हुए कहा कि, गरीब कल्याण मेरी सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है और इसमें गुरु रविदास जी की प्रेरणा है। गुरु रविदास जी कहते थे- ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब सम बसे, रैदास रहे प्रसन्न। उन्होंने कहा कि, बीते 10 वर्षों में हमने गरीब से गरीब को मुफ्त अनाज और मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। आज किसी भी गरीब, दलित, वंचित मां की संतान को भूखे पेट नहीं सोना पड़ता। आज किसी गरीब महिला को अपनी बीमारी छिपाने की मजबूरी नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि, चुनाव की इस भागदौड़ में भी हमारी सरकार एक पल भी व्यर्थ नहीं कर रही है। सरकार बनते ही अगले 125 दिन में क्या होगा? इसके रोडमैप पर काम कर लिया गया है। इसमें भी 25 दिन विशेष तौर पर युवाओं के लिए रखे गए हैं। अगले 5 साल में कौन से बड़े निर्णय लेने हैं, इसकी भी रुपरेखा खींची जा चुकी है। अगले 25 साल के विजन पर भी हमारी सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। पीएम मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति ने देश का बहुत नुकसान किया है।

वोट बैंक के प्रति अपने प्यार के कारण देश के बंटवारे के समय करतारपुर साहिब पर अपना अधिकार नहीं जता पाए। यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए का विरोध कर रहा है।

उन्होंने कहा कि, आजकल देश के लोग इंडी गठबंधन वालों से संविधान-संविधान की रट सुन रहे हैं। ये वो लोग हैं जिन्होंने इमरजेंसी में संविधान का गला घोंट दिया था। जब 84 के दंगों में सिखों के गले में टायर बांधकर जलाया जा रहा था, तो इन्हें संविधान की नहीं सूझी।

## प्रधानमंत्री मोदी का रिकॉर्ड तोड़ प्रचार, 80 इंटरव्यू- 206 रैलियां, आधे में सिमटे राहुल

**जालंधर ( हिमांशु ) :** लोकसभा चुनाव 2024 के महापर्व के लिए गुरुवार को शाम पांच बजे प्रचार खत्म हो जाएगा। अंतिम दौर की वोटिंग शनिवार को होगी और इसी के साथ अब सबकी नजर



चार जून को आने वाले नतीजे पर रहेगी। चुनावी नतीजे जो भी हो उसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। जनता का जो भी फैसला आएगा उसे सब स्वीकार करेंगे लेकिन, करीब दो माह तक चले लोकतंत्र के इस महापर्व में पीएम नरेंद्र मोदी की ऊर्जा की तुलना किसी अन्य नेता से नहीं की जा सकती है।

पीएम मोदी ने देश में चुनाव के ऐलान के बाद के करीब दो महीने के दौरान 206 रैलियां कीं. इसमें रोडशो भी शामिल है। इस दौरान पीएम मोदी ने तमाम मीडिया संस्थाओं को 80 इंटरव्यू दिए इसमें हर तरह के मीडिया संस्थान हिंदी, अंग्रेजी और देश के अन्य भाषाओं के अखबार और टीवी चैनल शामिल हैं। आज गुरुवार को पीएम मोदी ने पंजाब के होशियारपुर में अपनी अंतिम चुनावी रैली की। पंजाब की सभी 13 सीटों पर अंतिम चरण में एक जून को वोटिंग है।पीएम मोदी ने इस बार के चुनाव में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत बिहार के जमुई जिले से की थी। जमुई में पहले चरण में 19 अप्रैल को वोटिंग हुई थी।

### आज से मेडिटेशन पर पीएम मोदी

गुरुवार को प्रचार अभियान खत्म करने के बाद पीएम मोदी आज ही 48 घंटे के लिए मेडिटेशन पर जा रहे हैं। इस दौरान वह तमिलनाडु के कन्याकुमारी के रॉक मेमोरियल में ध्यान करेंगे। 2019 में भी पीएम मोदी अंतिम चरण के मतदान से पहले चुनाव प्रचार खत्म कर उत्तराखंड के केदारनाथ में मेडिटेशन पर चले गए थे।

जहां तक इस चुनाव में दूसरे नेताओं की भागीदारी की बात है तो कांग्रेस पार्टी की ओर से राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी स्टार प्रचारक रहे लेकिन तीनों ने मिलकर भी पीएम मोदी जितनी सक्रियता नहीं दिखाई। इस चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने जहां 80 इंटरव्यू दिए वहीं राहुल गांधी ने एक मात्र इंटरव्यू न्यूज18 इंडिया को दिया।

राहुल ने केवल 76 रोड शो और रैलियां कीं। प्रियंका गांधी ने 28 सभाएं और 10 रोड शो किए. विपक्षी नेताओं में अखिलेश यादव ने 54 रैलियां कीं, वहीं मायावती ने केवल 21 रैलियां कीं. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 31 सभाएं कीं।

## भारत-पाकिस्तान टी20 मैच पर आतंकी खतरा

# ISIS ने दी 'लोन वुल्फ' अटैक की धमकी! न्यूयॉर्क में जमीन से हवा तक बढ़ाई गई सुरक्षा




**जालंधर( काजल विज ) :** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 9 जून हाईप्रोफाइल मुकाबला होना है. इस मैच से पहले न्यूयॉर्क के लॉन्ग आईलैंड में मौजूद नासाऊ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि इस मैच में आतंकी हमला हो सकता है, इस लेकर सुरक्षाकर्मी संभावित हमले की संभावना को देखते हुए पूरी तैयारी कर रहे हैं। इस मैच में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए व्यापक उपाय कर रहे हैं। इस मैच के लिए पुलिस की मौजूदगी जमीन से लेकर हवा में रहेगी।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 की फुल कवरेज दरअसल, रिपोर्ट के मुताबिक ISIS-K (इस्लामिक स्टेट खुरासान) ने 'लोन वुल्फ' अटैक की बात कही है. इसमें ISIS की ओर से एक वीडियो जारी किया गया है, जिसमें स्वतंत्र हमलावरों से मैच में बाधा पहुंचाने को कहा गया है. इस पूरे मामले को लेकर नासाऊ काउंटी के पुलिस कमिश्नर पैट्रिक राइडर ने धमकी की पुष्टि की और सुरक्षा उपायों के बारे में बताया है।

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी भारत-पाकिस्तान मैच से जुड़ी सुरक्षा को लेकर कहा वह यह सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं, ताकि यह मैच सुचारु रूप से हो सके। गवर्नर के कार्यालय के एक बयान के अनुसार, पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। खुफिया जानकारी के अनुसार, वर्तमान में मैच को लेकर कोई सुरक्षा खतरा नहीं है।

कैथी होचुल ने एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर किया. उन्होंने लिखा- क्रिकेट वर्ल्ड कप की तैयारी में, मेरी टीम फेडरल और कानूनी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि मैच में उपस्थित लोगों को सुरक्षित रखा जा सके. हालांकि इस समय कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, मैंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा उपाय बढ़ाने का निर्देश दिया है और जैसे-जैसे इवेंट नजदीक आएगा, हम निगरानी करना जारी रखेंगे।

आइजनहावर पार्क स्टेडियम 3 से 12 जून तक 8 ICC T20 वर्ल्ड मैचों की मेजबानी कर रहा है, जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच का मुकाबला भी शामिल है. दरअसल, क्रिकइंफो और क्रिकबज की रिपोर्ट में कहा गया है आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में 9 जून को भारत बनाम पाकिस्तान के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले में सुरक्षा को लेकर खतरा है, इस कारण न्यूयॉर्क के आइजनहावर पार्क स्टेडियम में सुरक्षा बढ़ा दी जाएगी।

## शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को फिर झटका, कोर्ट ने 6 जुलाई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**जालंधर( जसवीर ) :** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार आप नेता तथा दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 6 जुलाई तक बढ़ा दी। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा था कि याचिकाकर्ता भ्रष्टाचार के मामले में जमानत के लिए जरूरी तीन कसौटियों पर खरा उतरने और धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत जरूरी दोहरी शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं।

हालांकि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि सिसोदिया ट्रायल कोर्ट द्वारा तय शर्तों पर अपनी बीमार पत्नी से हर सप्ताह मिल सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस साल मार्च में वरिष्ठ आप नेता की उपचारात्मक याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने 2023 में शीर्ष अदालत द्वारा जमानत को लेकर उनकी पुनर्विचार याचिका खारिज करने को चुनौती दी थी।

उच्चतम न्यायालय ने 30 अक्टूबर 2023 को अपने आदेश में सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन कहा था कि यदि अगले तीन महीने में मामले की सुनवाई धीमी रहती है तो वह नये सिरे से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष जज कावेरी बवेजा ने इस साल 30 अप्रैल को सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने अपने फैसले में इस बात पर भी गौर किया था कि सुनवाई में देरी सिसोदिया के कारण हो रही है।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
www.Vandebharat24.com
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



# पिता और भाई की हत्या कर शव फ्रिज में ठूंसे

## 72 दिन बाद बेटी हरिद्वार से गिरफ्तार

**जालंधर( संदीप मान ) :** जबलपुर में एक पिता और भाई की निर्मम हत्या में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को हिरासत में लिया है। आरोप है कि नाबालिग ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पिता और भाई का मर्डर किया था। मर्डर करने के बाद शवों के टुकड़े करने बाद उन्हें फ्रीज में भरकर फरार हो गए थे। यह पूरा हैरान करने वाला मामला एमपी क जबलपुर में सामने आया है। प्रेमी के साथ मिलकर अपने पिता और नौ साल के भाई की हत्या कर उनके शवों के टुकड़े फ्रीज में भरकर फरार होने वाली नाबालिग लड़की को हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका प्रेमी मुकुल फरार हो गया। गिरफ्तार नाबालिग लड़की ने पुलिस को बताया कि उसके प्रेमी मुकुल ने कुल्हाड़ी मारकर दोनों की हत्या की थी।

दो साल पहले पॉक्सो में जेल भिजवाने का बदला लेने के लिए उसने हत्याएं की। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि 14-15 मार्च की रात मध्य प्रदेश के जबलपुर के सिविल लाइन्स में रेलवे की मिलेनियम कॉलोनी में खौफनाक हत्याकांड हुआ था। कॉलोनी के 363-3 ब्लॉक में जबलपुर रेल मंडल में हेड क्लर्क 52 साल के राजकुमार विश्वकर्मा और उनके नौ साल के बेटे तनिष्क की निर्मम तरीके से हत्या हुई थी।





दोनों की हत्या का आरोप उनकी बेटी और उसके प्रेमी मुकुल सिंह पर लगा था। बताया कि आरोपी मुकुल को दो साल पहले रेल कर्मचारी राजकुमार ने पॉक्सो के मामले में जेल भिजवा दिया था। बाद में बेटी ने बयान बदले थे। इसके बाद मुकुल जेल से आया और बेटी के साथ शादी का प्रस्ताव रखा लेकिन पिता नहीं माना ।इसके बाद आरोपी मुकुल ने हत्या की साजिश रची। आरोपी जेल जाने का बदला राजकुमार से लेना चाहता था। बताया कि राजकुमार की 17 साल की बेटी और उसके प्रेमी की तलाश में जबलपुर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस को मंगलवार की रात महिला जिला अस्पताल के पास संदिग्ध अवस्था में घूमती हुई मिली। पुलिस ने रोका तो साथ में मौजूद युवक भाग निकला। शक होने पर कोतवाली हरिद्वार लाकर पूछताछ की गई।

किशोरी ने बताया कि वह अपने प्रेमी मुकुल के साथ हरिद्वार आयी थी। किशोरी ने बताया कि कथित प्रेमी ने मार्च में जबलपुर में उसके पिता और भाई की कुल्हाड़ी से वार हत्या कर दी ।वारदात को अंजाम देने के बाद लगभग दो महीने से वह किशोरी को अपने साथ घुमा रहा था। पुलिस ने कोतवाली सिविल लाइंस जबलपुर से संपर्क कर किशोरी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

### ऑनलाइन मंगवाए थे हथियार

किशोरी ने पुलिस को बताया कि हत्या करने के लिए आरोपी मुकुल ने ऑनलाइन कुल्हाड़ी और अन्य हथियार मंगवाए थे। बताया कि मोतीचूर के जंगल में उन्होंने हथियार फेंके हैं।

### इन शहरों में मिलती रही लोकेशन

आरोपियों को पकड़ने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस की आठ टीमें मुंबई, पुणे, कर्नाटक, गोवा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पंजाब और बिहार में तलाश कर लौट आई। इसके बाद 11 अप्रैल को आरोपी मुकुल की लोकेशन चंडीगढ़ में मिली थी ।जबलपुर पुलिस ने पंजाब लेकर तलाश की लेकिन वह हरियाणा होकर 17 अप्रैल को अयोध्या पहुंच गए। यहां उसका मोबाइल कुछ देर के लिए चालू हुआ फिर बंद हो गया। आरोपियों की नेपाल बॉर्डर के पास भी लोकेशन मिली थी।

### छह बार आए हैं हरिद्वार

किशोरी ने बताया कि वह देहरादून में रुके हुए थे और अब तक छह बार हरिद्वार आ चुके हैं। मंगलवार को वह छठीं बार हरिद्वार आए थे और पकड़े गए।

# वॉन्टेड 'मक्खन' को पंजाब पुलिस ने एनकाउंटर में दबोचा, SI की कर दी थी हत्या



**जालंधर( जसवीर ) :** पंजाब पुलिस को बुधवार को उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली, जब एक मुठभेड़ के दौरान उन्होंने एक वॉन्टेड क्रिमिनल को धर दबोचा. राज्य पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और वॉन्टेड रोहित माकन उर्फ मक्खन के बीच मुमन्दापुर भोगपुर गांव में एनकाउंटर हुआ, जिसमें आखिरकार रोहित को पकड़ लिया गया।

इसी साल जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर की हत्या के सिलसिले में रोहित वॉन्टेड था और इसी के मद्देनजर पंजाब पुलिस भी उसकी तलाश में थी। रोहित पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं ।2024 में जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सब-इंस्पेक्टर दीपक शर्मा की हत्या कर दी गई थी।

पंजाब पुलिस के मुताबिक रोहित माकन उर्फ मक्खन की विक्की सतेवाल से दुश्मनी थी, जिसके चलते उनके एक हत्याकांड को अंजाम दिया गया था, जहां से वो भागने में कामयाब भी रहा ।लेकिन अपनी कार वो वहीं छोड़ गया था ।जांच के दौरान उस कार से पुलिस को एक ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। बाद में पता चला कि कार नाबन शहर इलाके की थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस इस लाइसेंस की जांच करने में जुट गई। कुछ दिनों बाद मक्खन और उसके साथी एक नया सिम खरीदने के लिए जम्मू गए। उधर, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उन्हें घेर लिया। जब बदमाशों ने भागने की कोशिश की, तब पुलिस पर खुलेआम फायरिंग भी की गई थी, जिसमें सब-इंस्पेक्टर को गोली लगी थी और बाद में दीपक शर्मा की मौत हो गई ।उसके बाद 25 दिसम्बर को अक्षय शर्मा नाम के एक शख्स की गोली मारकर हत्या की गई, जिसमें वासुदेव शर्मा उर्फ सुनु, रोहित कुमार उर्फ मक्खन और अरुण चौधरी अबु, सुरजन और पेपे गुर्जर अतुल चौधरी, विकास, साहिल शर्मा शामिल थे।


इन सभी ने अक्षय कुमार को गोली मारी थी उसके बाद धारदार हथियार से उसके हाथ भी काट दिए और कटे हुए हाथ को अपने साथ ले गए थे ।एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के एडीजीपी प्रमोद भान की टीम के मुताबिक लगातार मक्खन की तलाश की जा रही थी ।अक्षय शर्मा की हत्या में शामिल आरोपियों पकड़ने के लिए अप्रैल 2024 में जब पुलिस कठुआ आई, तब बदमाशों ने रामगढ़ इलाके में पुलिस पार्टी पर जमकर फायरिंग की, जिसमें पीएसआई दीपक शर्मा और एसपीओ अनिल कुमार बुरी तरह घायल हो गए।

दीपक कुमार की बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उस वक्त क्रॉस फायरिंग में पुलिस ने गैंगस्टर बासुदेव को भी मार गिराया था।

# जालंधर में 4 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म

## बहला- फुसलाकर घर ले जाता था अधेड़ उम्र का शख्स

**जालंधर( नितिका ) :** पंजाब के जालंधर में भगवान श्री वाल्मीकि चौक (ज्योति चौक) के पास एक मोहल्ले में 55 वर्षीय व्यक्ति की पिटाई कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग पर 4 साल की बच्ची से कुकर्म करने का आरोप था। जब परिजनों को इस बात की जानकारी मिली तो बच्ची की मां ने तुरंत मोहल्ले के लोगों को इकट्ठा किया।



जिसके बाद सभी ने मिलकर बुजुर्ग की पिटाई कर दी। फिलहाल इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। पीड़िता के परिजनों के मुताबिक, आरोपी ने बच्ची के साथ ऐसा सिर्फ एक बार नहीं किया, बल्कि कई बार ऐसा हो चुका था।

### बच्ची को नहलाते समय मां को पता चली घटना

मिली जानकारी के अनुसार बच्ची की मां बुधवार को जब नहला रही थी। जब मां का हाथ बच्ची के प्राइवेट पार्ट तक गया तो बच्ची रोने लगी और कहने लगी कि उसे वहां पर दर्द हो रहा है। जब मां ने प्यार से बच्ची से पूछताछ शुरू की तो सारे घटनाक्रम के बारे में अपनी मां को बताया। बच्ची ने मां से कहा- पड़ोस में रहने वाला चाचा पहले उसे पैसे देकर प्यार करता था और फिर अपने कमरे में ले जाकर प्राइवेट पाट्र्स से छेड़-छाड़ करते थे। जिससे उसे उक्त जगह पर दर्द होने लगा। जिसके बाद बच्ची की मां ने तुरंत अपने परिचितों को इकट्ठा किया और उक्त बुजुर्ग को बुलाकर उसकी धुनाई कर दी। बता दें कि बच्ची के पिता की मौत हो चुकी है।

### दोनों परिवार किराए पर रहते थे

मिली जानकारी के अनुसार जिस मोहल्ले में घटना हुई उक्त मोहल्ले में दोनों किराए पर रहते थे। आरोपी की तो उसके मकान मालिकों द्वारा वेरिफिकेशन तक नहीं करवाई गई थी। आरोपी उक्त बच्ची के साथ गंदी हरकत करने के मामले में मौके पर माफी भी मांगी। मामले को लेकर फिलहाल थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई है।

# 8 राज्यों की 57 सीटों पर आज थमेगा चुनाव प्रचार का शोर, 1 जून को वोटिंग

**जालंधर ( काजल विज ) :** देश में 7वें और आखिरी चरण में 8 राज्यों की 57 सीटों पर चुनाव प्रचार आज शाम 5 बजे थम जाएगा। पक्ष विपक्ष के सभी दिग्गज आज मतदाताओं को लुभान का भरसक प्रयास करेंगे। पल पल की जानकारी। 8 राज्यों की 57 सीटों पर आज शाम 5 बजे खत्म होगा चुनाव प्रचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब के होशियारपुर में चुनावी सभा करेंगे। जेपी नड्डा पंजाब और राजनाथ सिंह की यूपी में सभाएं। ओडिशा, पंजाब में राहुल की रैलियां, प्रियंका का हिमाचल में रोड शो, केजरीवाल की संगरूर और पटियाला में चुनावी सभा। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद आध्यात्म यात्रा पर जाएंगे पीएम मोदी। कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर करेंगे ध्यान।






# आजम खान को 10 साल की सजा


## एमपी-एमएलए कोर्ट ने लगाया 14 लाख का जुर्माना

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** लोकसभा चुनाव के लिए अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होना है. इससे पहले समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है. समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता आजम खान को रामपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है साथ ही 14 लाख का जुर्माना भी लगाया है

कोर्ट की तरफ से बरकत अली ठेकेदार को भी सात साल की सजा सुनाई गई है और 6 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. डूंगरपुर में दर्ज प्रकरण मामले में एमपी,एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई है. आजम खान औ बरकत अली ठेकेदार को भी सजा सुनाई गई है. आजम खान और ठेकेदार बरकत अली को कल एमपी,एमएलए कोर्ट की तरफ से डूंगरपुर बस्ती मामले में दोनों को दोषी करार किया है.

### इस मामले में आजम खान दोषी करार दिए गए

सपा नेता आजम खान की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रहीं हैं. अब उनको एक और मामले में दोषी पाया गया है और कोर्ट की तरफ से सजा भी सुना दिया गया है. बता दें कि सपा नेता आजम खान पर वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती को जबरन खाली कराने और धमकाने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था. इस मामले में आजम खान और बरकत अली ठेकेदार को रामपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है.



### क्या था पूरा मामला

रामपुर जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति का घर जबरन खाली कराकर उसे ध्वस्त करवाने के आठ साल पुराने एक मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान को दोषी करार दिया है. आजम खान इस वक्त सीतापुर जेल में बंद हैं और वहीं से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये उनकी पेशी हुई. आजम खान के वकील विनोद शर्मा ने बताया कि जबरन मकान खाली करवाकर उसे ध्वस्त करवाने के मामले में विशेष एमपी–एमएलए अदालत ने पूर्व मंत्री को दोषी करार दिया.

बता दें कि डूंगरपुर बस्ती के निवासी अबरार नामक व्यक्ति ने छह दिसम्बर 2016 को गंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें आजम खान, सेवानिवृत्त पुलिस क्षेत्राधिकारी आले हसन और ठेकेदार बरकत अली पर घर में घुसकर लूटपाट और मारपीट करने का आरोप लगाया गया था. इसके साथ उसने यह भी इल्जाम था कि जबरन घर खाली करवाकर उसे ध्वस्त करा दिया गया था.

## हिमाचल में एक और हादसा, खाई में गिरी कार, पंचायत प्रधान समेत 3 लोगों की मौत

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** हिमाचल प्रदेश में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. यहां पर अब सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है. हादसा गुरुवार को पेश आया. घटना में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. फिलहाल, हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है.



### 500 मीटर नीचे कार लुढ़ककर पहुंची है.

जानकारी के अनुसार, उपमंडल बालीचौकी की बालीचौकी–सुधराणी सड़क के फागुधार में कार लुटकने से तीन लोगों की मौके पर ही जान चली गई. घटना के बाद राहत बचाव कार्यों के लिए प्रशासन की तरफ टीम मौके पर पहुंची और और शवों का निकाला जा रहा है. बताया जा रहा है कि करीब 12 बजे के आसपास एक ऑल्टो कार सुधराणी से बालीचौकी की तरफ आ रही है. इस बीच अचानक फागुधार के पास चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और कार 500 मीटर गहरे नाले में जा गिरी. कार की गिरने की आवाज सुनकर क्षेत्र के लोग एकजुट हो गए और इन लोगों को निकालने की कोशिश की. क्षेत्र के लोगों ने पुलिस विभाग और एंबुलेंस को हादसे की तुरंत सूचना तुरंत दी और एंबुलेंस मौके पर पहुंची है. ज्याडा ढंकार होने के कारण अभी तक शवों को नहीं निकाला जा सका और पुलिस स्थानीय लोंगों की सहायता से शवों को निकालने का कार्य कर रही है.

## आचार संहिता का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग का एक्शन, फतेहगढ़ चूड़ियां के BDPO सहित 6 मुलाजिम निलंबित

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** गुरदासपुर लोकसभा सीट के तहत आते फतेहगढ़ चूड़ियां में आदर्श चुनाव आचार संहिता को सही ढंग से लागू न कराने वाले फतेहगढ़ चूड़ियां के बीडीपीओ सहित छह मुलाजिमों को जिला चुनाव अधिकारी ने निलंबित कर दिया है।

आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें मिलने के बाद बीडीपीओ परगट सिंह, ग्राम विकास अधिकारी कुलजिंदर सिंह, पंचायत सचिव मेजर सिंह, ग्राम रोजगार सेवक विलियम मसीह, सुखजीत सिंह और शमशेर सिंह को निलंबित किया गया है।

### फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक ने की थी शिकायत

फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक ने शिकायत की थी कि सरकारी पार्क में इंटरलाकिंग टायलें लगवाई जा रही हैं, जोकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। मामले की जांच के बाद शिकायत सही पाए जाने पर इसे लेकर आम आदमी पार्टी के जिला देहाती प्रधान को नोटिस जारी किया गया है।

पार्क में टायलें पहुंचाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एसएसपी को लिखा गया है। इसके अलावा ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के डायरेक्टर को प्रबंधक कम वीडीओ ओम प्रकाश व पंचायत सचिव कुलदीप सिंह को आचार संहिता लागू न करा पाने के लिए निलंबित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की सिफारिश की गई है।




### मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने की ये अपील

इसी तरह से फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव बद्दोवाल कलां में सीमेंट के बैच बांटने की शिकायत पर गांव के ही दिलबाग सिंह और सुखविंदर सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आचार संहिता की पालना यकीनी बनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा आचार संहिता लागू होने के पहले दिन से ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस इस बात पर बल दे रहा कि चुनाव प्रचार व चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए।

## होशियारपुर रैली में पीएम का बड़ा ऐलान, श्री गुरु रविदास जी के नाम पर रखेंगे आदमपुर एयरपोर्ट का नाम

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** जालंधर के सांसद Sushil Rinku की मेहनत रंग ले आई हैं। कुछ महीनों पहले उन्होंने भारत की संसद में आदमपुर सिविल हवाई अड्डे का नाम श्री गुरु रविदास जी के नाम पर रखने की मांग उठाई थी। आज होशियारपुर रैली में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने संबोधन करते हुए बड़ा एलान किया हैं जिस से रविदास समाज में खुशी की लहर हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आदमपुर सिविल हवाई अड्डे का नाम श्री गुरु रविदास जी के नाम पर रखा जाएगा, उन्होंने कहा कि इलेक्शन के बाद ये कार्य को शीघ्र



पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम देश भर में लाखों लोगों, विशेषकर श्री गुरु रविदास जी के अनुयायियों की भावनाओं का सम्मान करेगा। सुशील रिंकू ने कहा कि मेरा यह अपना था कि आदमपुर एयरपोर्ट का नाम गुरु रविदास जी के नाम से रखा जाए। उन्होंने कहा कि मेरा तो सपना है कि आदमपुर एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट्स शुरू हो, ताकि दोआबा के एनआरआई लोगों को इस का फायदा मिल सकें।

रिंकू ने कहा कि यह हवाई अड्डा इस औद्योगिक शहर के व्यापारिक समुदाय की आकांक्षाओं को भी पंख देगा।